भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1637
उत्तर देने की तारीख 13 दिसम्बर, 2023

डाकघर सेवाओं की सुविधा

1637. डॉ. उमेश जी. जाधव :
डॉ. सत्यपाल सिंह :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश भर में डाकघरों की संख्या का ब्यौरा क्या है और इन डाकघरों में कुल कितने बचत खाते हैं और उनके खाताधारकों को क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की गई हैं;

(ख) क्या संचार प्रणालियों के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए देश के सभी प्रमुख गांवों में डाकघरों की स्थापना की गई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या देश के सभी डाकघरों को आधुनिक प्रौद्योगिकी से सुसज्जित किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो आधुनिकीकरण के इन प्रयासों की विशिष्टताओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) 31.03.2023 की स्थिति के अनुसार, बचत खातों की कुल संख्या सहित डाकघरों की संख्या का डाक सर्कल-वार विवरण (राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों सहित) **अनुबंध-I** में प्रदान किया गया है।

बचत खाताधारकों को ऑटोमेटिड टेलर मशीन (एटीएम), इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, विभिन्न प्रकार के एसएमएस अलर्ट, जमा शेष एवं खाता विवरणी देखने के लिए ई-पासबुक के साथ-साथ कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस) के अंतर्गत राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) और रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) के माध्यम से बैंक खाते से डाकघर खाते में तथा विलोमत: निधि अंतरित करने की सुविधा उपलब्ध है।

(ख) और (ग) देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में 1,49,478 डाकघर (प्रधान डाकघरों, उप डाकघरों और शाखा डाकघरों सहित) हैं। ये डाकघर, संचार प्रणालियों के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए डाक सुविधाओं और अन्य सेवाओं तक पहुंच उपलब्ध कराते हैं। 31.03.2023 की स्थिति के अनुसार, देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में डाकघरों की संख्या का डाक सर्कल-वार विवरण (राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों सहित) **अनुबंध-।।** में प्रदान किया गया है।

(घ) और (ड.) सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) आधुनिकीकरण परियोजना के तहत देशभर के सभी विभागीय डाकघरों को कंप्यूटरीकृत कर नेटवर्क से जोड़ा गया है। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत शाखा डाकघरों को मोबाइल डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि डाक, वित्तीय और बीमा संबंधी लेन-देन कार्य ऑनलाइन किए जा सकें।

अनुबंध-I

"डाकघर सेवाओं की सुविधा" विषय के संबंध में लोक सभा के दिनांक 13 दिसम्बर, 2023 के अतारांकित प्रश्न सं. 1637 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

31.03.2023 की स्थिति के अनुसार डाटा

क्र. सं.	**डाक सर्कल का नाम**	**डाकघरों की कुल संख्या (प्रधान डाकघर, उप-डाकघर, शाखा डाकघर)**	**बचत खातों की कुल संख्या**
1.	आंध्र प्रदेश	10668	4420563
2.	असम	4062	1851107
3.	बिहार	9342	3356810
4.	छत्तीसगढ़	4468	956480
5.	दिल्ली	509	1047885
6.	गुजरात (संघ राज्यक्षेत्र दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव सहित)	8887	4151730
7.	हरियाणा	2699	1647645
8.	हिमाचल प्रदेश	2807	2262886
9.	जम्मू एवं कश्मीर (संघ राज्यक्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख सहित)	1735	555628
10.	झारखंड	4580	1233100
11.	कर्नाटक	9658	7811891
12.	केरल (संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप सहित)	5063	2937250
13.	मध्य प्रदेश	10271	2289463
14.	महाराष्ट्र (गोवा सहित)	14032	5593422
15.	पूर्वोत्तर (अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम और नगालैंड सहित)	4478	662152
16.	ओडिशा	8907	3272252
17.	पंजाब (संघ राज्यक्षेत्र चंडीगढ़ सहित)	3842	1830135
18.	राजस्थान	11047	2270573
19.	तमिलनाडु (संघ राज्यक्षेत्र पुदुच्चेरी सहित)	11866	7233125
20.	तेलंगाना	6267	3801964
21.	उत्तर प्रदेश	17953	6498134
22.	उत्तराखंड	2736	1434021
23.	पश्चिम बंगाल (सिक्किम और संघ राज्यक्षेत्र अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह सहित)	9095	8106264
	कुल	**164972**	**75224480**

अनुबंध-II

"डाकघर सेवाओं की सुविधा" विषय के संबंध में लोक सभा के दिनांक 13 दिसम्बर, 2023 के अतारांकित प्रश्न सं. 1637 के भाग (ख) एवं (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

31.03.2023 की स्थिति के अनुसार डाटा

क्र. सं.	डाक सर्कल का नाम	ग्रामीण डाकघरों की कुल संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	9928
2.	असम	3762
3.	बिहार	8889
4.	छत्तीसगढ़	4171
5.	दिल्ली	80
6.	गुजरात (संघ राज्यक्षेत्र दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव सहित)	8141
7.	हरियाणा	2335
8.	हिमाचल प्रदेश	2684
9.	जम्मू एवं कश्मीर (संघ राज्यक्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख सहित)	1534
10.	झारखंड	4321
11.	कर्नाटक	8607
12.	केरल (संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप सहित)	4163
13.	मध्य प्रदेश	9466
14.	महाराष्ट्र (गोवा सहित)	12731
15.	पूर्वोत्तर (अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम और नगालैंड सहित)	4217
16.	ओडिशा	8309
17.	पंजाब (संघ राज्यक्षेत्र चंडीगढ़ सहित)	3420
18.	राजस्थान	10397
19.	तमिलनाडु (संघ राज्यक्षेत्र पुदुच्चेरी सहित)	10274
20.	तेलंगाना	5724
21.	उत्तर प्रदेश	16055
22.	उत्तराखंड	2440
23.	पश्चिम बंगाल (सिक्किम और संघ राज्यक्षेत्र अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह सहित)	7830
	कुल	**149478**

*****